अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया

आज दिनांक 8 मई, 2023 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रागंण में महाविद्यालय की युवा रेडक्रॉस व सैंट जॉन एंबुलेंस बिग्रेड की इकाइयोँ के द्वारा रेडक्रॉस संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनांट के जन्मदिन के अवसर पर विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत व रैडक्रॉस के समग्र समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. राम चंद्र, डॉ० रितु, डॉ० देवेंद्र, श्रीमती पूजा, श्री सुभाष, श्री लवकेश आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात सर जीन हेनरी डयूनांट की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जयपाल सिंह , यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर ने सर जीन हेनरी डयूनांट की जीवनी प्रस्तुत की। प्राचार्य जी ने भी सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने व उनकी तरह समाज के कल्याण में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना मानव का परम धर्म है। कार्यक्रम में प्राचार्य जी सभी को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा नर सेवा ही सही मायने में नारायण सेवा है। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए स्वयंसेवकों ने सेवा भाव को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने की शपथ ली। आज ही के दिन विश्व थैलीसीमिया दिवस भी होता है। इस अवसर पर फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया व सर्वोदय हॉस्पिटल सैक्टर - 8 फरीदाबाद ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी को 2022-23 में समाज कल्याण के लिए किए गए परोपकारी कार्यों के लिए सर्वोदय हॉस्पिटल के सभागार में सम्पन्न कार्यक्रम में सम्मानित किया । इस अवसर पर सर्वोदय हॉस्पिटल सैक्टर 8 के सी.एम.डी डॉ. राकेश गुप्ता व श्री रविंद्र डुडेजा मौजूद रहे ।